# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 05 मई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 217

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पुंछ में सुरक्षाबलों के वाहन पर आतंकी हमला, 5 जवान घायल; सर्च ऑपरेशन शुरू

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शनिवार शाम आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों के वाहन पर गोलीबारी की। इस हमले में सेना के पांच जवान घायल हो गए। स्थानीय राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट ने इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। वाहनों को शाहसितार के पास जनरल क्षेत्र में एयर बेस के अंदर सुरक्षित कर दिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि यह हमला आज शाम सवा छह बजे करीब हुआ है। एक सैन्य वाहन जोकि एमइएस से संबधित है, जवानों को लेकर शसटार से जारावाली की तरफ जा रहा था। रास्ते में बक्करवाल मोहल्ला सनेई के पास आतंकियों ने हमला कर दिया। इस हमले में पांच जवान जख्मी हुए हैं। अन्य जवानों ने तुरंत अपनी पोजीशन ली और जवाबी फायर किया।

### दिल्ली के कनॉट प्लेस में लावारिस बैग मिलने से हड़कंप, मौके पर पहुंची पुलिस और बम स्क्वॉड टीम

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के कनॉट प्लेस के एन ब्लॉक में शनिवार को लावारिस बैग मिलने से हडक़ंप मच गया। जिसके बाद दिल्ली पुलिस, फायर विभाग की टीम और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच चुका है। एन ब्लॉक में जिस जगह पर लावारिस बैग पड़ा हुआ है, उस जगह को पूरी तरह से सील कर दिया गया है। दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग लगा कर सुरक्षा व्यवस्था भी टाइट कर दी है। पुलिस टीम ने कनॉट प्लेस के एन ब्लॉक में आम लोगों के आने पर रोक लगा दी है। दिल्ली पुलिस और फायर की टीम ने मोर्चा संभाल लिया है। पुलिस टीम का कहना है कि जल्द ही लावारिस बैग को खंगाला जाएगा। यदि उसमें बम होता है तो तुरंत ही डिफ्यूज किया जाएगा। शुक्रवार को दिल्ली के संसद भवन, आईजीआई एयरपोर्ट, राजीव चौक मेट्रो स्टेशन और दिल्ली पब्लिक स्कूल आरके पुरम में मॉक ड्रिल आयोजित की थी। शुक्रवार को ये मॉक ड्रिल दिल्ली पुलिस और एनएसजी की संयुक्त टीम ने की थी। उसके एक दिन बाद यानी शनिवार की दोपहर दिल्ली का हार्ट कहे जाने वाले कनॉट प्लेस में ही लावारिस बैग मिलने की खबर आ गई। इससे पुलिस अधिकारियों के हाथ पैर फूल गए और आनन-फानन में उन्होंने मोर्चा संभाल लिया है।

### बीजेपी में शामिल हुए अरविंद सिंह लवली, सात दिन पहले छोड़ा था कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली समेत पांच कांग्रेसी नेताओं ने कांग्रेस का पंजा छोडक़र भाजपा का कमल थाम लिया है। लवली के अलावा राजकुमार चौहान, नीरज बसोया, अमित मलिक और नसीब सिंह भी भाजपा में शामिल हो गए। इन सभी को आज भाजपा मुख्यालय में दिल्ली प्रदेश वीरेंद्र सचदेवा ने पार्टी में शामिल किया। बता दें कि 28 अप्रैल को ही लवली ने कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था। भाजपा का दामन थामने के बाद लवली ने मीडियो संबोधित करते हुए कहा कि हम दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाने के लिए वो सब करेंगे जो हमसे बन पड़ेगा।

# एक शैक्षणिक सत्र में दो बार होगी छत्तीसगढ़ बोर्ड की परीक्षाएं

## प्रथम परीक्षा माह मार्च एवं द्वितीय परीक्षा माह जून-जुलाई

- छत्तीसगढ़ सरकार का विद्यार्थियों के हित में बड़ा निर्णय
- द्वितीय परीक्षा में पूरक और सभी विषयों में अनुत्तीर्ण छात्र भी हो सकेंगे शामिल
- द्वितीय परीक्षा का परीक्षा परिणाम दोनों परीक्षाओं में से विषयवार अधिक प्राप्तांक के आधार पर होगा तैयार



**रायपुर । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बोर्ड परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के हित में एक बड़ा निर्णय लिया गया है। राज्य शासन के निर्णय अनुसार एक शैक्षणिक सत्र में दो बार बोर्ड की परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा प्रथम मुख्य परीक्षा मार्च माह में एवं द्वितीय मुख्य परीक्षा जून-जुलाई में आयोजित की जायेगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस आशय का आदेश जारी कर दिया है। शासन द्वारा जारी आदेश अनुसार प्रथम परीक्षा माह मार्च एवं द्वितीय परीक्षा माह जून-जुलाई में आयोजित की जायेगी। प्रथम परीक्षा में पंजीकृत छात्र ही द्वितीय परीक्षा आवेदन पत्र भरने के लिए पात्र होंगे, किन्तु विषय परिवर्तन मान्य नहीं होगा। प्रथम परीक्षा के पश्चात् द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए छात्रों को पुन: आवेदन पत्र भरना होगा। द्वितीय परीक्षा में वे छात्र जो पूरक के पात्र है तथा वे छात्र जो सभी विषयों में अनुत्तीर्ण है एवं श्रेणी सुधार (सम्पूर्ण विषय) के छात्र भी परीक्षा आवेदन पत्र भर सकते है। उत्तीर्ण छात्र अंक सुधार एक विषय, दो विषय या अधिक विषय में परीक्षा आवेदन भर सकते है। इनमें द्वितीय परीक्षा में वे छात्र भी सम्मिलित हो सकते है जो प्रथम परीक्षा में परीक्षा आवेदन फार्म भरने के बाद अनुपस्थित रहे हों। अवसर परीक्षा की शेष योजना पूर्ववत् रहेगी। द्वितीय परीक्षा का परीक्षा परिणाम दोनों परीक्षाओं में से विषयवार अधिक प्राप्तांक के आधार पर तैयार किया जाएगा।

## बड़ी सफलता : 5 शातिर अंतरराज्यीय ठग गिरफ्तार, करीब 10 करोड़ की ठगी का आरोप

**गाजियाबाद । आरएनएस**

कौशांबी थाना पुलिस और साइबर टीम को एक बड़ी कामयाबी मिली है। टीम ने पांच ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया है जो भोले-भाले लोगों को अपने जाल में फंसाकर उनके दस्तावेजों के जरिए फर्जी बैंक अकाउंट खुलवाते थे और फिर लोगों से ठगी कर उन बैंक खातों में पैसे मंगवाते थे।

दरअसल, कौशांबी थाना पुलिस को यह सूचना मिली थी कि कुछ लोग दिल्ली-एनसीआर के लोगों के दस्तावेज का इस्तेमाल कर बैंक खाता खुलवाते हैं और उन खातों में लोगों से ठगी कर लाखों रुपये मंगावाते हैं। इसके बाद एटीएम से पैसे निकालकर फरार हो जाते हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी अब तक करीब 10 करोड़ रुपये की ठगी कर चुके हैं।

गिरफ्तार आरोपियों के पास से कई फर्जी मुहर, 10 मोबाइल फोन,



एक टैबलेट, 41 एटीएम कार्ड, पांच चेक बुक, चार वोटर आईडी कार्ड, चार आधार कार्ड, चार पैन कार्ड, दो ड्राइविंग लाइसेंस और एक होंडा सिटी कार बरामद की गई है। फिलहाल सभी आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है।

डीसीपी निमिष पाटिल ने बताया कि पूछताछ के क्रम में आरोपियों ने बताया कि वे सोशल मीडिया के जरिए लोगों को ज्यादा रिटर्न का प्रलोभन देकर निवेश कराते थे। कुछ समय तक इन लोगों ने निवेश करने वालों को रिटर्न भी देते थे, लेकिन जैसे ही लोग बड़ी रकम निवेश करते, वे पैसे लेकर गायब हो जाते थे। आरोपियों का कोई पुराना आपराधिक इतिहास नहीं है।

## महाराष्ट्र में भारतीय सेना के हेलिकॉप्टर की खेत में इमरजेंसी लैंडिंग, बाल-बाल बचे 4 जवान

**एरंडोली । आरएनएस**

महाराष्ट्र के एरंडोली में भारतीय सेना के एक हेलिकॉप्टर को सांगली जिल्हे के एरंडोली गांव के एक खेत में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। बताया जा रहा है कि तकनीकि खामी के चलते ऐसा करना पड़ा।



जानकारी के अनुसार, सेना का हेलिकॉप्टर अचानक अचानक खेत में उतरा और उसे देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। गनीमत ये रही कि इस हेलिकॉप्टर में सवार सभी 4 जवान सुरक्षित हैं। घटना सुबह 11:30 बजे की है।

बता दें कि सांगली के एरंडोली में खेत में इमरजेंसी लैंडिंग से पहले यह सेना का हेलिकॉप्टर नासिक से बेलगावी के लिए रवाना हुआ था। इस हेलीकॉप्टर में पायलट और 4 जवान सवार थे। सेना के हेलिकॉप्टर की लैंडिंग की खबर मिलते ही खेत में भारी संख्या में गांव वाले उमड़ गए। गांव वालों को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय पुलिस की मदद लेनी पड़ी।

## मसूरी-देहरादून मार्ग पर चूनाखाल के पास अनियंत्रित होकर खाई में गिरी कार, 6 की मौत

**देहरादून । आरएनएस**

देहरादून-मसूरी मार्ग पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। हादसा मसूरी-देहरादून मार्ग पर चूनाखाल के पास तब हुआ जब एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई, जिसमें सवार चार युवक और दो युवतियों की मौत हो गई।



पुलिस, फायर सर्विस, एसडीआरएफ रेस्क्यू के काम में जुटी है।

दरअसल ये सभी 6 लोग राजपुर रोड स्थित एक कॉलेज में पढ़ाई करते थे। चार युवक और दो युवतियां मसूरी घूमने के लिए गए थे। सुबह के समय जब ये लोग देहरादून वापस लौट रहे थे, तब चूनाखान के पास उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई।

पांच लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक युवती ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग दुर्घटना स्थल की ओर दौड़े। घटना की सूचना पुलिस और एसडीआरएफ को दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद शव और घायलों को खाई से सडक़ तक निकाला। रेस्क्यू टीम जब खाई में पहुंची तो कार सवार चार युवकों की मौत हो चुकी थी। और दो युवतियों की सांसें चल रही थीं। एक ने थोड़ी देर में दम तोड़ दिया और दूसरे की इलाज के दौरान मौत हो गई।

शहर कोतवाल अरविंद चौधरी के मुताबिक, मृतकों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। सभी 6 लोग आईएमएस कॉलेज के स्टूडेंट बताए जा रहे हैं, इनके बारे में अधिक जानकारी जुटाई जा रही है।

## एल्विश यादव की मुश्किलें बढ़ीं : ईडी ने दर्ज किया मनी लॉन्ड्रिंग का केस, गाड़ियों के काफिले के बारे में होगी पूछताछ

**नई दिल्ली । आरएनएस**

यूट्यूबर एल्विश यादव एक बार फिर से विवादों में हैं। अब यूट्यूबर पर ईडी ने शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। बिग बॉस ओटीटी विनर एल्विश यादव के खिलाफ श्वष्ठ ने मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया। अब ईडी एल्विश यादव के पास मौजूद गाडिय़ों के काफिले के बारे में पूछताछ करेगी। सभी होटल, रिजॉर्ट्स, फार्म हाउस के मालिकों से भी पूछताछ की जाएगी जहां पार्टियों का आयोजन किया जाता था।



एल्विश यादव के सांपों के जहर के मामले में अब ईडी ने सख्ती करने की किवायद शुरू कर दी है। ईडी की शुरुआती जांच में ये पता चला था कि दिल्ली एनसीआर के बड़े-बड़े होटलों, रेस्तरां, रिजॉर्ट और फार्म हाउस में होने वाली रेव पार्टियों में सांपों का जहर उप्लब्ध कराया जाता था। अब इस मामले में ईडी इन रिजॉर्ट्स और होटल्स के मालिकों से पूछताछ करेगी।


इस मामले के अलावा पुलिस के संज्ञान में ये बात भी है कि एल्विश के पास कई लग्जीरियस गाडिय़ों का काफिला है। सोशल मीडिया पर कई सारे वीडियोज और फोटोज भी मौजूद है जिसमें एल्विश की लाइफस्टाइल बयां होती है। इसे लेकर एल्विश ने अपनी सफाई भी दी है। लेकिन अब ईडी ने एल्विश को निशाने पर लिया है और इन्हीं महंगी गाडिय़ों पर उनसे पूछताछ की जाएगी।

एल्विश यादव के खिलाफ सांपों के जहर की सप्लाई का मामला सामने आया था। गौरव गुप्ता नाम के शख्स ने एक शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें उसने एल्विश यादव पर ये आरोप लगाया था कि वे दिल्ली एनसीआर की रेव पार्टियों में सांपों के जहर की सप्लाई करते हैं। तब से ही वे इस मामले में फंसे हैं और जेल की हवा भी खा चुके हैं। अब इस मामले में ईडी उनसे पूछताछ करेगी।

## केंद्र सरकार का बड़ा फैसला, प्याज के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटाया

**नई दिल्ली । आरएनएस**

केंद्र सरकार ने शनिवार को प्याज के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया, हालांकि न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 550 डॉलर प्रति टन की शर्त रखी गई है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की एक अधिसूचना में कहा गया है कि प्याज निर्यात नीति में बदलाव कर इसे प्रतिबंधित से मुक्त किया गया है। हालांकि अगले आदेश तक न्यूनतम निर्यात मूल्य 550 डॉलर प्रति टन की शर्त होगी।



इस कदम से प्याज किसानों को ऊंची कीमत मिलेगी और मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने में मदद मिलेगी। सरकार ने 27 अप्रैल को छह देशों बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को कुल 99,150 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी थी।

सरकार ने 8 दिसंबर 2023 को इस साल 31 मार्च तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। पर्याप्त घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने और कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए प्रतिबंध लगाया गया था क्योंकि 2023-24 में खरीफ और रबी दोनों फसलों का उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में कम होने का अनुमान है और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी मांग बढ़ गई है।

## हिरासत में लिए गए पूर्व पीएम देवगौड़ा के बेटे एचडी रेवन्ना, सेक्स स्कैंडल में घिरे पोते प्रज्वल को ब्लूकॉर्नर नोटिस की तैयारी

**नई दिल्ली । आरएनएस**

कर्नाटक में अश्लील वीडियो मामले में फंसे जेडीएस के पूर्व नेता प्रज्वल रेवन्ना के पिता को एसआईटी ने गिरफ्तार कर लिया है। एचडी रेवन्ना की यह गिरफ्तारी अपहरण के एक मामले में हुई है। अपहरण के एक मामले में कोर्ट से अग्रिम जमानत नामंजूर होने के बाद एचडी रेवन्ना की गिरफ्तारी हुई है। इसी के साथ-साथ एचडी रेवन्ना एसआईटी की कस्टडी में भी चले गए हैं। एचडी रेवन्ना मौजूदा वक्त में जेडीएस से विधायक हैं।

रेवन्ना को अधिकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के बेंगलुरु के पद्मनाभनगर स्थित आवास से हिरासत में लिया और सीधे एसआईटी कार्यालय ले जाया गया। एमपी-एमएलए कोर्ट से अग्रिम जमानत की अर्जी खारिज होने के बाद एसआईटी अधिकारियों ने रेवन्ना की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी थी।



**रेवन्ना ने खुद खोला घर का दरवाजा**

छापेमारी के वक्त पुलिस अधिकारियों को पता चला कि वह देवेगौड़ा के आवास पर हैं। इसके बाद दो कारों में सवार अधिकारी वहां पहुंचे। अधिकारियों के आने के 15 मिनट बाद भी घर का दरवाजा नहीं खोला गया, फिर रेवन्ना ने खुद ही दरवाजा खोला और बाहर आ गए। एसआईटी अधिकारियों ने तुरंत उन्हें अपना साथ लेकर ऑफिस के लिए रवाना हो गए। कर्नाटक पुलिस ने गुरुवार को एचडी रेवन्ना और प्रज्वल के खिलाफ अपहरण का नया मामला दर्ज किया था। इस नए मामले में मैसुरू जिले के कृष्णराजा नगर के रहने वाले 20 वर्षीय शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि रेवन्ना ने उसकी मां का अपहरण कर लिया है। युवक ने कहा कि छह साल पहले उसकी मां होलेनारसीपुरा में रेवन्ना के घर पर काम करती थीं।

## जेपीएससी की परीक्षाओं की गड़बड़ी के मामले में सीबीआई ने दायर की चार्जशीट, 37 लोग बने आरोपी

**रांची । आरएनएस**

सीबीआई ने झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन (जेपीएससी) परीक्षाओं में गड़बड़ी के मामले में शनिवार को रांची स्थित सीबीआई कोर्ट में चार्जशीट फाइल की है। इसमें कुल 37 लोगों को आरोपी बनाया गया है। इनमें जेपीएससी के पूर्व चेयरमैन दिलीप प्रसाद एवं आयोग के अन्य सदस्यों और जेपीएससी परीक्षाओं के जरिए अफसर बने लोग शामिल हैं।

झारखंड हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान वर्ष 2012 में इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी थी। 12 साल से भी ज्यादा समय से चल रही यह जांच अब तक पूरी नहीं हुई थी।




जांच में देरी को लेकर झारखंड हाईकोर्ट ने कई बार सीबीआई से जवाब तलब किया है। जांच एजेंसी ने इस मुद्दे पर कई बार स्टेटस रिपोर्ट भी दाखिल किया है।

बुद्धदेव उरांव नामक व्यक्ति ने जेपीएससी फर्स्ट एवं सेकेंड बैच की परीक्षाओं में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए 2008 में हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की थी। प्रथम सिविल सेवा में 62 अभ्यर्थियों का चयन हुआ था, जबकि द्वितीय सिविल सेवा में 172 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए थे। लेक्चरर नियुक्ति परीक्षा में 751 अभ्यर्थी हुए थे सफल।

जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने इन परीक्षाओं की सीबीआई जांच करने का निर्देश दिया था। इसके साथ ही नियुक्ति पर ही रोक लगा दी थी। इसके बाद सरकार और मुकदमे से प्रभावित अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली थी, जहां से अभ्यर्थियों को राहत मिली थी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश को बरकरार रखा था।